**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**27.11.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 332 का उत्तर**

**गुरदासपुर के रास्ते दिल्ली से पठानकोट के लिए नई शताब्दी ट्रेन**

**332. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार का विचार गुरदासपुर के रास्ते दिल्ली से पठानकोट तक एक नई शताब्दी रेलगाड़ी शुरू करने का है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): वर्तमान में, पठानकोट दिल्ली से 04 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाओं द्वारा जुड़ा हुआ है, जिनमें से 3 जोड़ी गाड़ियां अर्थात् 18101/02 टाटानगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस, 18309/10 बिलासपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस और 22429/30 दिल्ली-पठानकोट एक्सप्रेस गुरदासपुर से होकर चलाई जा रही हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर नई गाड़ी सेवाओं की शुरूआत एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता, संसाधन उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।**

**********

S.K